Bareilly, Saturday,
24 August 2024
BAREILLY EDITION
Price ₹ 3.50/-
Pages 12

दैनिक जागरण



# होप बालक अंडर-11 में लक्ष्य कुमार की खिताबी जीत

**11वां श्रीराममूर्ति स्मारक व सेकेंड यूपी रैंकिंग टेबल टेनिस टूर्नामेंट अंडर-19 के बालिका वर्ग से आगरा की श्रेया क्वार्टर फाइनल में**

जागरण संवाददाता, बरेली: चार दिवसीय 11वां श्रीराममूर्ति स्मारक एवं सेकेंड यूपी रैंकिंग टेबल टेनिस टूर्नामेंट में शुक्रवार होप बालक अंडर-11 में खेले गए फाइनल मुकाबले में लखनऊ के लक्ष्य कुमार जीत दर्ज की, जबकि अंडर-15 क्वार्टर फाइनल में सब जूनियर बालिका वर्ग से गौतमबुद्ध नगर की समृद्धि और अंडर-19 प्री-क्वार्टर फाइनल में बालिका वर्ग से आगरा की श्रेया अग्रवाल ने जीत के साथ क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

एसआरएमएस इंजीनियरिंग कालेज में खेली जा रही प्रतियोगिता के दूसरे दिन अंडर-11,13, 15,17,19 आदि वर्ग में बालक बालिका वर्ग में मुकाबले खेले गए। होप्स बालक अंडर-11 के एक मात्र फाइनल मैच में लखनऊ के लक्ष्य का मुकाबला गाजियाबाद के अनघ सुंदरियाल से हुआ। लक्ष्य ने अनघ को सीधे सेटों में हराकर खिताबी जीत हासिल की। कैडेट गर्ल्स अंडर-13 बालिका वर्ग के प्री- क्वार्टर फाइनल में आगरा की अंशिका मिश्रा ने गाजियाबाद की परिशा मनुजा को तीन सेट तक चले मुकाबले में शिकस्त दी। अंडर-15 जूनियर बालिका वर्ग में खेले गए क्वार्टर फाइनल मैच में गौतमबुद्ध नगर की समृद्धि ने वाराणसी की सौम्या सिंह से मिली कड़ी चुनौती के बाद अंतिम सेट में जीत प्राप्त करते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाई। अंडर-17 जूनियर बालिका वर्ग प्री-क्वार्टर फाइनल मैच में गाजियाबाद की सुहानी महाजन ने प्रयागराज की अंशिका गुप्ता को आसानी से हरा दिया। अंडर-19 गर्ल्स के प्री-क्वार्टर फाइनल मैच में आगरा की श्रेया अग्रवाल ने प्रयागराज की शालिनी देवी को हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की की।